**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1226**
**दिनांक 11 फरवरी, 2025/ 22 माघ, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**मनीमाजरा में जलापूर्ति परियोजना**

**†1226. श्री मनीश तिवारी:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) मनीमाजरा, चंडीगढ़ में चौबीस घंटे सातों दिन जल आपूर्ति परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है, जिसका उद्घाटन अगस्त 2024 में केंद्रीय गृह मंत्री ने किया था;**
**(ख) क्या यह परियोजना अभी तक परीक्षण के चरण में है और यदि हां, तो इस क्षेत्र में चौबीसों घंटे जलापूर्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने में विलंब के क्या कारण हैं;**
**(ग) जैसा कि क्षेत्र में सूचना मिली है कि पीने के लिए अयोग्य और गंदे पानी की अनियमित आपूर्ति जैसे मुद्दों का समाधान करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;**
**(घ) मनीमाजरा में चौबीस घंटे सातों दिन जलापूर्ति परियोजना हेतु लिए गए ऋण और इसकी पुनर्भुगतान संरचना तथा ब्याज दरों सहित इसके कारण चंडीगढ़ के निवासियों पर पड़ने वाली वित्तीय देयता का ब्यौरा क्या है; और**
**(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान चंडीगढ़ नगर निगम के राजस्व और व्यय का वर्षवार ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (घ): मनीमाजरा, चंडीगढ़ में 24x7 जल आपूर्ति परियोजना को अगस्त 2024 में स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत कमीशन किया गया था। परियोजना का भौतिक बुनियादी ढांचा और ट्रायल रन पूरा कर लिया गया है। परियोजना के अंतर्गत, शिकायतों के निवारण हेतु एक उपभोक्ता शिकायत प्रकोष्ठ और हेल्पलाइन नंबर स्थापित किया गया है। चूँकि, यह परियोजना स्मार्ट सिटीज फंड से वित्तपोषित है इसलिए, कोई ऋण नहीं लिया गया है।

**लोक सभा अतारांकित प्र.सं. 1226, दिनांक 11.02.2025**

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान, चंडीगढ़ नगर निगम के राजस्व और व्यय का वर्षवार ब्यौरा निम्नलिखित है:-

(₹ करोड़ में)

| वर्ष | राजस्व | व्यय |
|---|---|---|
| 2019-20 | 646.28 | 701.24 |
| 2020-21 | 768.11 | 710.61 |
| 2021-22 | 842.00 | 760.82 |
| 2022-23 | 894.00 | 943.00 |
| 2023-24 | 888.00 | 991.15 |
| कुल | 4038.39 | 4106.82 |

*****